संख्या-5/2017/एस0ई0-337/दस-2017-आ-1/2017

प्रेषक,

अनूप चन्द्र पाण्डेय
अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/वित्त नियंत्रक
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सेवायें) अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक: 18 जुलाई, 2017

विषय - राज्य सरकार के अधीन विभिन्न कार्यालयों में अधीनस्थ लेखा एवं लेखा परीक्षक के संयुक्त संवर्ग में नियुक्त कार्मिकों, यथा-सहायक लेखाकार, लेखाकार, लेखा परीक्षक, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी के आश्रितों को, कार्मिक की मृत्यु से पूर्व कार्यरत विभाग में ही मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ0प्र0 के पत्र संख्या-आ0ले0प0-4930/5265/लेखा0/16, दिनांक 22 फरवरी, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ0प्र0 विभाग का कार्यालय मुख्यालय स्तर का होने के कारण विभिन्न विभागों के लेखा एवं लेखा परीक्षा संवर्ग के मृतक आश्रितों को आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में सेवायोजित किये जाने के सम्बन्ध में उत्पन्न व्यवहारिक कठिनाईयों के कारण लेखा एवं लेखा परीक्षा संवर्ग के मृत सरकारी सेवक मृत्यु के पूर्व जिस विभाग में कार्यरत था, उसके आश्रित को उसी विभाग में मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

अनूप चन्द्र पाण्डेय
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-5/2017/एस0ई0-337(1)/दस-2017, तददिनांक

प्रतिलिपि निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा को उनके उक्त संदर्भित पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

राज रतन
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in